भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1126**
उत्तर देने की तारीख 10.02.2025

**स्वायत्त निकायों को अनुदानों का आवंटन**

**1126. डॉ. मल्लू रवि :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वित्त वर्षों के दौरान संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न स्वायत्त निकायों को आवंटित अनुदानों का निकायवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान इन स्वायत्त निकायों द्वारा अनुदानों की कोई अतिरिक्त मांग की गई है;

(ग) यदि हां, तो ऐसी अधिक मांगों के कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या इन मांगों को पूरा किया गया था; और

(घ) यदि मांगें पूरी नहीं की गई थीं, तो अतिरिक्त अनुदान प्रदान नहीं किए जाने के कारणों का ब्यौरा क्या है और भविष्य में इन निकायों के लिए पर्याप्त वित्तपोषण सुनिश्चित करने के संबंध में क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): संस्कृति मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन विभिन्न स्वायत्त निकायों को आवंटित अनुदानों का विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ख) और (ग): जी हां, उक्त अवधि के दौरान कुछ स्वायत्त निकायों द्वारा अतिरिक्त बजट की मांगें की गई थीं और उन्हें पूरा किया गया है। अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए स्वायत्त निकायों को लगातार यह परामर्श दिया जाता है कि वे अपने आंतरिक राजस्व सृजन को बढ़ाए। अतिरिक्त मांग और उसके कारणों का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है।

घ): मंत्रालय को किए गए समग्र आवंटन और वर्ष के दौरान स्वायत्त निकायों के प्रस्तावित कार्यक्रमों/कार्यकलापों को ध्यान में रखते हुए उन्हें अनुदान आवंटित किया जाता है। स्वायत्त निकायों द्वारा की गई अतिरिक्त अनुदानों की मांग को जीएफआर प्रावधानों के अनुसार अनुपूरक मांगों के माध्यम से पूरा किया जाता है। तथापि, अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए स्वायत्त निकायों को अपने आंतरिक राजस्व सृजन को बढ़ाने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाता है।

****

**अनुलग्नक-I**

**'स्वायत्त निकायों को अनुदानों का आवंटन' के संबंध में दिनांक 10 फरवरी, 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1126 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक स्वायत्त निकायों का बीई/आरई**

**(लाख रुपये में)**

| क्र. सं.<br>1 | संगठन<br>2 | बीई 21-22<br>3 | आरई 21-22<br>4 | बीई 22-23<br>5 | आरई 22-23<br>6 | बीई 23-24<br>7 | आरई 23-24<br>8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **I** | **अकादेमियों को सहायता** | | | | | | |
| 1 | संगीत नाटक अकादमी | 5925.00 | 6087.00 | 6315.00 | 6660.52 | 6555.00 | 6855.00 |
| 2 | साहित्य अकादेमी | 3910.00 | 3787.00 | 3920.00 | 4198.16 | 3805.00 | 4055.00 |
| 3 | ललित कला अकादमी | 2620.00 | 2558.00 | 2650.00 | 3310.80 | 2855.00 | 3255.00 |
| 4 | राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय | 7065.00 | 6445.00 | 6975.00 | 4333.52 | 4855.00 | 5955.00 |
| 5 | सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र | 2555.00 | 2455.00 | 2495.00 | 2495.00 | 2545.00 | 2545.00 |
| 6 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र | 5005.00 | 5330.00 | 5505.00 | 19005.00 | 10010.00 | 10010.00 |
| 7 | कलाक्षेत्र प्रतिष्ठान | 1767.00 | 1872.00 | 1927.00 | 1977.00 | 2452.00 | 2662.00 |
| 8 | क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र | 5310.00 | 6419.00 | 6748.00 | 6748.00 | 7050.00 | 8208.00 |
| | **कुल- अकादमियों को सहायता** | **34157.00** | **34953.00** | **36535.00** | **48728.00** | **40127.00** | **43545.00** |
| **II** | **संग्रहालय को सहायता** | | | | | | |
| 9 | विक्टोरिया मेमोरियल हाल | 3377.00 | 3029.00 | 3099.00 | 2877.00 | 3134.00 | 3134.00 |
| 10 | राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद | 13186.00 | 13187.00 | 13902.00 | 14592.00 | 17260.00 | 20460.51 |
| 11 | इलाहाबाद संग्रहालय | 1077.00 | 937.00 | 967.00 | 877.00 | 962.00 | 962.00 |
| 12 | भारतीय विरासत संस्थान (आईआईएच)- एनएमआई | 2057.00 | 2057.00 | 2087.00 | 1902.00 | 1222.00 | 1222.00 |
| 13 | सालार जंग संग्रहालय | 2397.00 | 2397.00 | 2487.00 | 2397.00 | 2522.00 | 2522.00 |
| 14 | भारतीय संग्रहालय | 2457.00 | 2392.00 | 4040.00 | 3282.00 | 4042.49 | 4042.49 |
| 15 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय | 1772.00 | 1652.00 | 1702.00 | 1977.00 | 2355.00 | 2355.00 |
| 16 | प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय | 3058.00 | 3058.00 | 3248.00 | 3608.00 | 4242.00 | 4242.00 |
| | **कुल- संग्रहालय को सहायता** | **29381.00** | **28709.00** | **31532.00** | **31512.00** | **35739.49** | **38940.00** |
| **III** | **पुस्तकालयों को सहायता** | | | | | | |
| 17 | राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान | 2707.00 | 2707.00 | 2752.00 | 3319.00 | 3367.00 | 3287.00 |
| 18 | दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी | 3627.00 | 3237.00 | 3367.00 | 3252.00 | 3558.00 | 3538.00 |
| 19 | एशियाटिक सोसाइटी | 2342.00 | 2342.00 | 2541.50 | 2261.50 | 2437.00 | 2237.00 |
| 20 | खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी | 632.50 | 544.50 | 580.50 | 595.50 | 622.00 | 622.00 |
| 21 | रामपुर रजा पुस्तकालय | 702.00 | 651.50 | 672.00 | 652.00 | 662.00 | 662.00 |
| | **कुल- पुस्तकालयों को सहायता** | **10010.50** | **9482.00** | **9913.00** | **10080.00** | **10646.00** | **10346.00** |
| **IV** | **बीटीआई और स्मारक** | | | | | | |
| 22 | गांधी स्मृति दर्शन समिति | 1402.00 | 1302.00 | 1366.00 | 1602.00 | 1560.00 | 2010.00 |
| 23 | मौलाना अबुल कलाम आजाद एशियाई अध्ययन संस्थान | 465.00 | 465.00 | 477.00 | 492.00 | 653.50 | 653.50 |
| 24 | नव नालंदा महाविहार | 1309.00 | 1609.00 | 1678.00 | 2177.00 | 2555.00 | 3804.50 |
| 25 | केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह | 2946.40 | 2576.40 | 2706.50 | 3338.50 | 3198.00 | 3545.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ | 5401.70 | 6283.90 | 4908.50 | 3935.50 | 3902.00 | 4032.00 |
| 27 | केन्द्रीय हिमालयी संस्कृति शिक्षा संस्थान, दाहुंग | 1190.70 | 1151.70 | 1166.00 | 1211.00 | 1222.00 | 1352.00 |
| 28 | ताबो | | | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **कुल-बीटीआई और स्मारक** | **12714.80** | **13388.00** | **12304.00** | **12756.00** | **13090.50** | **15397.00** |
| | **कुल-स्वायत्त निकाय** | **86263.30** | **86532.00** | **90284.00** | **103076.00** | **99602.99** | **108228.00** |

अनुलग्नक-II

'स्वायत्त निकायों को अनुदानों का आवंटन' के संबंध में दिनांक 10 फरवरी, 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1126 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

(लाख रुपये में)

| | | | | 2021-22 | | | | 2022-23 | | | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | संगठन | बीई | आरई | समायोजन के बाद निधि की स्थिति | अतिरिक्त मांगों का कारण | बीई | आरई | समायोजन के बाद निधि की स्थिति | अतिरिक्त मांगों का कारण | बीई | आरई | समायोजन के बाद निधि की स्थिति | अतिरिक्त मांगों का कारण |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | संगीत नाटक अकादमी | 5925.00 | 6087.00 | 5716.87 | | 6315.00 | 6660.52 | 6505.52 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन के लिए | 6555.00 | 6855.00 | 7105.00 | वर्ष के लिए अध्येतावृत्ति पुरस्कार हेतु अतिरिक्त आवश्यकता है। |
| 2 | साहित्य अकादमी | 3910.00 | 3787.00 | 4369.77 | बिक्री-सह-गोदाम के निर्माण और केम्पे गौड़ा मेट्रो स्टेशन में मेट्रो बुक शॉप की स्थापना हेतु सीपीडब्ल्यूडी बेंगलुरू को भुगतान | 3920.00 | 4198.16 | 4381.96 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन के लिए | 3805.00 | 4055.00 | 4356.59 | देशभर से 1100 से अधिक लेखकों ने भाग लिया और बड़े पैमाने पर साहित्य उत्सव का आयोजन किया गया, जिससे 4 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हुई और लेखकों तथा विभिन्न विक्रेताओं को मानदेय तथा यात्रा भत्ता सहित |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | अन्य बिल लंबित हैं । |
| 3 | ललित कला अकादमी | 2620.00 | 2558.00 | 3022.57 | कोलकाता और चेन्नई के क्षेत्रीय केंद्र के पुराने भवन के नवीकरण कार्य और क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता आदि में नवनिर्मित भवन के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए। | 2650.00 | 3310.80 | 3110.80 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन के लिए | 2855.00 | 3255.00 | 3530.00 | सभी क्षेत्रीय केन्द्रों का रखरखाव और फरवरी, 2024 माह के लिए कर्मचारियों को पेंशन/आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन आदि के लिए । |
| 4 | राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय | 7065.00 | 6445.00 | 5593.58 | | 6975.00 | 4333.52 | 4333.52 | | 4855.00 | 5955.00 | 6255.00 | बीआरएम से संबंधित बिल के लंबित भुगतान के लिए |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र | 2555.00 | 2455.00 | 3114.36 | सीसीआरटी के निर्माण के भुगतान हेतु सीसीआरटी को 2 करोड़ रुपये उदयपुर के क्षेत्रीय केंद्र भवन का निर्माण एवं नए फर्नीचर/फिक्सचर एवं उपकरणों की खरीद | 2495.00 | 2495.00 | 2511.20 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन के लिए | 2545.00 | 2545.00 | 2595.00 | |
| 6 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र | 5005.00 | 5330.00 | 5330.00 | वर्ष के दौरान प्रतिबद्ध देयताओं को पूरा करना | 5505.00 | 19005.00 | 23208.82 | संसद कला कार्यों के लिए आईजीएनसीए के संबंध में भारत की आकस्मिकता निधि से 56.60 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि की प्रतिपूर्ति हेतु | 10010.00 | 10010.00 | 10910.00 | प्रेरणा विद्यालय को सम्पूर्णा एवं संस्कृत विश्वविद्यालय का डिजिटलीकरण तथा जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए |
| 7 | कलाक्षेत्र प्रतिष्ठान | 1767.00 | 1872.00 | 1872.00 | वर्ष के दौरान प्रतिबद्ध देयताओं को पूरा करना | 1927.00 | 1977.00 | 2127.00 | प्रोजेक्ट सैनिटाइजेशन के लिए, तीसरे पक्ष की एजेंसी द्वारा भाषा मॉडरेशन के लिए एमईआरए अनुमानित व्यय 2.50 करोड़ रुपये है। कलाक्षेत्र प्रतिष्ठान द्वारा 31.03.2023 तक | 2452.00 | 2662.00 | 2662.00 | एलआईसी के साथ ईएल फंड के निर्माण के लिए |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र | 5310.00 | 6419.00 | 6499.56 | वर्ष के दौरान प्रतिबद्ध देनदारियों को पूरा करना | 6748.00 | 6748.00 | 6746.00 | | 7050.00 | 8208.00 | 11019.00 | 75वें गणतंत्र दिवस समारोह , 2024 के दौरान सांस्कृतिक घटकों पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ( अनंत सूत्र, वंदे भारतम और झांकी) |
| 9 | राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद | 13186.00 | 13187.00 | 13287.00 | | 13902.00 | 14592.00 | 14230.50 | एनसीएसएम द्वारा प्लेनेटेरियम सॉफ्टवेयर के विकास के लिए | 17260.00 | 20460.51 | 20650.51 | |
| 10 | भारतीय विरासत संस्थान (आईआईएच)- एनएमआई | 2057.00 | 2057.00 | 2057.00 | | 2087.00 | 1902.00 | 1934.90 | | 1222.00 | 1222.00 | 1578.75 | विशेष परियोजनाओं एवं आईआईएच परिसर पर बढ़े हुए व्यय जैसे सुरक्षा, हाउसकीपिंग, बागवानी, भवन की एएमसी, जनरेटर व्यय आदि के लिए व्यय |
| 11 | सालारजंग संग्रहालय | 2397.00 | 2397.00 | 3046.00 | वर्ष के दौरान प्रतिबद्ध देयताओं को पूरा करना | 2487.00 | 2397.00 | 2397.00 | | 2522.00 | 2522.00 | 2522.00 | |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय | 1772.00 | 1652.00 | 1729.10 | डीसीआरजी फंड, मुक्ताकाश और इनडोर प्रदर्शनी और अन्य नियमित व्यय को पूरा करने के लिए | 1702.00 | 1977.00 | 1942.00 | ईपीएफ बकाया, डीसीआरजी फंड के लिए आईजीआरएमएस | 2355.00 | 2355.00 | 2545.25 | वेतन, टैगोर छात्रवृत्ति, द्विवार्षिकी 2023-24, लेखा परीक्षा शुल्क, ईपीएफ ब्याज देय आदि के लिए । |
| 13 | प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय | 3058.00 | 3058.00 | 3366.62 | जल, विद्युत शुल्क तथा अन्य सामान्य व्यय, स्थानीय यात्रा भत्ता/मानदेय, स्टेशनरी, यात्रा परियोजना स्टाफ, आवास, विविध, सॉफ्टवेयर तथा पेंशनभोगियों के लाभ के लिए 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के कार्यान्वयन के वित्तीय प्रभाव के कारण होने वाले व्यय को वहन करना। | 3248.00 | 3608.00 | 3555.00 | एनएमएमएंडएल द्वारा पीएम संग्रहालय के कार्यालय व्यय, बिजली बिल आदि के लिए 1.50 करोड़ रुपये | 4242.00 | 4242.00 | 7938.00 | सहायता अनुदान सामान्य शीर्ष के अंतर्गत एनडीएमसी को संपत्ति कर/सेवा शुल्क के भुगतान की सुविधा प्रदान करना । |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी | 3627.00 | 3237.00 | 3256.07 | | 3367.00 | 3252.00 | 3252.00 | | 3558.00 | 3538.00 | 3638.00 | 12 पेंशनभोगियों को भुगतान, पेंशनभोगियों को चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए |
| 15 | एशियाटिक सोसाइटी लाइब्रेरी | 2342.00 | 2342.00 | 2402.05 | आजादी का अमृत महोत्सव और डिजिटलीकरण परियोजना के व्यय को पूरा करने के लिए मंत्रालय द्वारा वस्तु शीर्ष ' जीआईए - जनरल' के अंतर्गत अतिरिक्त धनराशि दी गई | 2541.50 | 2261.50 | 2189.50 | | 2437.00 | 2237.00 | 2024.30 | |
| 16 | खुदा बक्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी | 632.50 | 544.50 | 544.50 | | 580.50 | 595.50 | 608.50 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन हेतु | 622.00 | 622.00 | 700.47 | निगम कर के भुगतान और पुराने एसी प्लांट की मरम्मत के लिए |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | मौलाना अबुल कलाम आज़ाद एशियाई अध्ययन संस्थान | 465.00 | 465.00 | 465.00 | | 477.00 | 492.00 | 602.00 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन हेतु | 653.50 | 653.50 | 763.50 | एमएकेएआईएएस के आजाद भवन परिसर की मरम्मत एवं नवीनीकरण तथा विचारगोष्ठी/कार्यशाला/संगोष्ठी/ व्याख्यान सत्र आयोजित करने के लिए दायित्व |
| 18 | नव नालंदा महाविहार | 1309.00 | 1609.00 | 2291.57 | नव नालंदा महाविहार में मौजूदा आवासीय परिसर और प्रशासनिक भवन आदि के उन्नयन के लिए प्रस्ताव | 1678.00 | 2177.00 | 2177.72 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन हेतु | 2555.00 | 3804.50 | 3804.50 | |
| 19 | केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह। | 2946.40 | 2576.40 | 2704.23 | केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान को सीपीडब्ल्यूडी आदि की मौजूदा देनदारियों के निपटान हेतु। | 2706.50 | 3338.50 | 3044.30 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन हेतु | 3198.00 | 3545.00 | 3845.00 | सीआईबीएस के लिए नए परिसर में परिसर की दीवार की मरम्मत और परिष्करण, गेस्ट हाउस की मरम्मत और नवीनीकरण तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भवन का ऊर्ध्वाधर विस्तार, कक्षा-कक्ष |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | की एक और मंजिल |
| 20 | केंद्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, सारनाथ | 5401.70 | 6283.90 | 6129.40 | केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, सारनाथ , वाराणसी के अंतर्गत सोवा रिग्पा भवन के रखरखाव के लिए (शैक्षणिक एवं अस्पताल) | 4908.50 | 3935.50 | 4347.58 | | 3902.00 | 4032.00 | 4032.00 | केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, सारनाथ , वाराणसी के अंतर्गत सोवा रिग्पा के भवन रखरखाव के लिए (शैक्षणिक एवं अस्पताल) |
| 21 | केंद्रीय हिमालयन सांस्कृतिक अध्ययन संस्थान, दाहुंग | 1190.70 | 1151.70 | 1146.83 | | 1166.00 | 1211.00 | 1216.40 | विभिन्न कार्यक्रमों /कार्यकलापों के संचालन हेतु | 1222.00 | 1352.00 | 1352.00 | वर्ष के दौरान प्रतिबद्ध देयताओं को पूरा करने के लिए |